## शिवतेज मित्र मंडल व अरोग्य संपदा आयुर्वेदिक सेंटर द्वारा 25 अक्टूबर को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**पालघर (उत्तरशक्ति)।** शिवतेज मित्र मंडल व अरोग्य संपदा आयुर्वेदिक सेंटर बोईसर की ओर से शुक्रवार 25 अक्टूबर 2024 को सुबह 10 बजे शाम 6 बजे तक पालघर जिले के बोईसर शहर अंतर्गत धर्मनगरी आजाद नगर में स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर एवं शीतला माता मंदिर के सभागार में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन वेलनेस कोच व हेल्थ एडवाइजर डॉण्योगेश बनकर तथा उनकी टीम की उपस्थिति में होगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए काशी विश्वनाथ मंदिर एवं शीतला माता मंदिर के संस्थापक केवट सामाजिक सेवा फाउंडेशन अध्यक्षए शिवतेज मित्र मंडल अध्यक्ष व भाजपा नेता तुलसीराम केवट ने बताया कि वेलनेस कोच व हेल्थ एडवाइजर डॉण्योगेश बनकर की विशेष उपस्थिति में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण आयुर्वेदिक पद्धति से किया जायेगा और सभी मरीजों की चिकित्सा आयुर्वेद पद्धति के द्वारा की जायेगी। शिविर में शामिल लोगों की मधुमेहए पथरीए संधिवातएथायराइडए अस्थमाए बालों के झड़नाए बवासीरए एसिडिटीए मासिक धर्मए महिला विकारए त्वचारोग आदि बीमारियों की जांच कर संबंधित रोगियों को इलाज हेतु मुफ्त सलाह के अलावा आयुर्वेदिक दवाएं भी दी जाएंगी। शिविर में 12 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वर्ग के लोग इस आयुर्वेदिक पद्धति वाले स्वास्थ्य जांच शिविर में शामिल हो कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं।आयुर्वेदिक पद्धति वाले स्वास्थ्य जांच शिविर के मुख्य आयोजक तुलसीराम केवटए अरोग्य संपदा आयुर्वेदिक सेंटर बोईसर के संचालक वसंत बोरूडे व सहयोगी राजेंद्र पाटील ने इस शिविर में ज्यादा से ज्यादा लोगों को शामिल होकर लाभ उठाने की अपील की है।

## मुंबई पुलिस ने 'गंदी बात' मामले में एकता कपूर से पूछताछ की, पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने मंगलवार को गंदी बात मामले में निर्माता एकता कपूर और उनकी मां शोभा कपूर से पूछताछ की। बता दें कि ALT Balaji वेब सीरीज 'गंदी बात' के एक एपिसोड में नाबालिग लड़कियों के साथ कथित तौर पर अश्लील हरकतें करने के आरोप में मां-बेटी की जोड़ी पर पास्को एक्ट के तहत आरोप लगाए गए थे। मुंबई पुलिस ने एकता कपूर, शोभा कपूर और ऑल्ट बालाजी फर्म के खिलाफ शिकायत दर्ज करने के लिए पास्को एक्ट का इस्तेमाल किया। निर्माताओं को 22 अक्टूबर को पहले दौर की पूछताछ के लिए बुलाया गया था और मुंबई पुलिस द्वारा खुलासा किए जाने के अनुसार उन्हें 24 अक्टूबर को फिर से पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

ओटीटी प्लेटफॉर्म ऑल्ट बालाजी की वेब सीरीज 'गंदी बात' के एपिसोड में नाबालिग लड़कियों के अश्लील दृश्य दिखाने के आरोप में ऑल्ट बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड की एकता कपूर और उनकी मां शोभा कपूर के खिलाफ 20 अक्टूबर को मुंबई के एमएचबी पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 295-ए, आईटी एक्ट और पोक्सो एक्ट की धारा 13 और 15 के तहत मामला दर्ज किया गया था। हालांकि, यह विवादित एपिसोड फिलहाल इस ऐप पर स्ट्रीम नहीं हो रहा है।

शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में कहा था कि बालाजी टेलीफिल्म्स की वेब सीरीज 'गंदी बात' के सीक्वल में सहायक कलाकारों द्वारा अश्लील दृश्य पेश करने का मामला दर्ज किया गया है। उनका कहना है कि सीरीज से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। दर्ज एफआईआर में कहा गया था कि सीरीज में 11वीं और 12वीं कक्षा के बच्चों के बोल्ड कंटेंट के निर्माण पर आपत्ति जताई गई है, जिनकी उम्र आमतौर पर 16, या 17 साल होती है। हालांकि, शिकायतकर्ता द्वारा दर्ज कराई गई यह शिकायत बहुत ही तकनीकी शब्दों में है, क्योंकि अभिनय करने वाले कलाकारों की उम्र बहुत अधिक हो सकती है।

शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि उन्होंने बिना डिस्क्लेमर दिए, सिगरेट और शराब पीने के दृश्य दिखाए हैं। फिलहाल पुलिस ने बाल संरक्षण अधिनियम की धारा 13, नाबालिग बच्चों के यौन शोषण की धारा 15, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 - 67 (ए), बीएनएस की धारा 295 (ए) और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

## खाना बनाते समय बर्तन में गिरी चार साल की बच्ची, झुलसने से हुई मौत



**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में सब्जी पकाते समय एक बर्तन में गिरने से चार साल की बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वाथोडा थाने के एक अधिकारी ने बताया कि बच्ची ने सोमवार सुबह अस्पताल में दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि यह घटना 14 अक्टूबर को हुई जब श्रवण नगर निवासी त्रिशा बालू पनबुडे अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। अधिकारी ने बताया कि पड़ोस में एक समारोह के लिए सब्जियां पकाई जा रही थीं और बच्ची गलती से एक बर्तन में गिर गई। आसपास खड़े लोगों ने उसे तुरंत बाहर निकाला, लेकिन वह गंभीर रूप से झुलस चुकी थी और उसे अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शिवसहाय सिंह राणा की 40 सालों की निष्ठा पर जनता को पूरा भरोसा



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** पिछले 40 वर्षों से कांग्रेस के एक निष्ठावान सिपाही के रूप में काम करने वाले शिवसहाय सिंह राणा एक ऐसे उत्तर भारतीय नेता हैं, जिन पर जनता पूरा विश्वास करती है। कांग्रेस की खराब होती स्थिति के साथ-साथ जहां एक तरफ बड़े-बड़े उत्तर भारतीय दूसरी पार्टियों का दामन पकड़ते रहे वहीं राणा कांग्रेस के एक निष्ठावान सिपाही के रूप में लगातार पार्टी के लिए जनता के बीच काम करते रहे। यही कारण है कि जनता उनकी अटूट निष्ठा को देखते हुए उन पर पूरा भरोसा करती है। 160, कांदिवली पश्चिम विधानसभा से टिकट के लिए उन्होंने दावेदारी पेश की है। यहां की जनता को पूरा भरोसा है कि उनकी निष्ठा और जनता के बीच लगातार किए गए कार्यों को देखते हुए उन्हें टिकट अवश्य मिलेगा। निर्दलीय नगरसेवक के रूप में राजनीतिक पारी शुरू करने वाले राणा की उत्तर भारतीय समाज में अच्छी पैठ मानी जाती है। लोकसभा चुनाव के दौरान भी उन्होंने उत्तर मुंबई से दावेदारी पेश की थी, परंतु उस वक्त उन्हें आश्वासन देकर मराठी चेहरा को टिकट दिया गया। इसका खामियाजा भी कांग्रेस को भुगतना पड़ा। उत्तर मुंबई को उत्तर भारतीयों का गढ़ माना जाता है। कांदिवली, बोरीवली तथा मलाड दिंडोशी इलाकों में 30 से 35 प्रतिशत उत्तर भारतीय मतदाता हैं। शिवसहाय सिंह राणा उत्तर भारतीय समाज के लोकप्रिय और बेदाग चेहरा माने जाते हैं। यही कारण है कि जनता के साथ-साथ राजनीति से जुड़े लोगों का भी मानना है कि राणा को टिकट देने से कांग्रेस को फायदा होगा। पिछले कुछ वर्षों से उत्तर भारतीय नेताओं को साइड लाइन करने का प्रयास किया गया, जिसे लेकर भी उत्तर भारतीय समाज के मतदाताओं में आक्रोश देखा जा रहा है। प्रबुद्ध उत्तर भारतीय मतदाताओं का मानना है कि यदि भाजपा का मुकाबला करना है और जीत हासिल करनी है तो उत्तर भारतीय 2 . 3 हिंदू चेहरे को मैदान में उतारा जाए। ऐसे में राणा को टिकट देने से न सिर्फ कांदिवली पश्चिम विधानसभा में फायदा मिलेगा, अपितु अन्य विधानसभा में भी इसका प्रभाव पड़ेगा। उत्तर भारतीयों के साथ-साथ अन्य समाज के लोगों का भी राणा को पूरा समर्थन है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व मंत्री नसीम खान और महाराष्ट्र अध्यक्ष नाना पटोले लगातार उनकी सराहना करते रहे हैं। ऐसे में दोनों नेताओं का उनपर वरदहस्त माना जा रहा है।

## सनातन सेना परिवार ने दी रतन टाटा को भावभीनी श्रद्धांजलि



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** देश के प्रसिद्ध उद्योगपति दिवंगत रतन टाटा को सांताक्रूज में सनातन सेना परिवार द्वारा सांताक्रूज पूर्व मौलाना अबुल कलाम आजाद सभागार में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सनातन सेना परिवार के महासचिव दीपक सिंह राजपूत की पहल पर देश के प्रसिद्ध उद्योगपति दिवंगत रतन टाटा की स्मृति में भावभीनी श्रद्धांजलि आयोजित की गई। इस मौके पर स्वातंत्र्यवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक के कार्याध्यक्ष रणजीत सावरकर, कोषाध्यक्ष मंजिरी मराठे, मुंबई भाजपा के प्रवक्ता उदयप्रताप सिंह, सनातन सेना परिवार के अध्यक्ष सुरजीत सिंह, उपाध्यक्ष पंकज सिंह, संजय कृपाशंकर सिंह, रत्नेश सिंह, रामबक्श सिंह, जयप्रकाश बब्बन सिंह, ओपी सिंह, विजय प्रताप सिंह, गजेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## राजा हरपाल सिंह के प्रपौत्र कुंवर मृगेंद्र सिंह का समरस फाउंडेशन ने किया सम्मान



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** मुंबई की यात्रा पर आए सिंगरामऊ रियासत के राजा हरपाल सिंह के प्रपौत्र कुंवर मृगेंद्र सिंह का आज महानगर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था समरस फाउंडेशन के बोरीवली कार्यालय में भव्य सम्मान किया गया। संस्था के चेयरमैन डॉ किशोर सिंह ने शॉल ओढ़ाकर तथा पुष्प गुच्छ देकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर संस्था के महासचिव वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे, उपाध्यक्ष मानिकचंद यादव, राजेंद्र विश्वकर्मा, सचिव सुरेंद्र पांडे, विधि सलाहकार एड.प्रशांत परदेसी, रवि पांडे समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कुंवर मृगेंद्र सिंह के दादा कुंवर श्रीपाल सिंह स्वतंत्रता पश्चात जनसंघ से लगातार तीन बार विधायक चुने गए थे। पिता कुंवर जय सिंह गोला फेक में विश्व चैंपियन रहे हैं।राजा हरपाल सिंह के नाम पर सिंगरामऊ रेलवे स्टेशन का नाम रखा गया है। राजा हरपाल सिंह इंटर कॉलेज और राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय पूर्वांचल के सबसे पुराने शिक्षण संस्थानों में शामिल है, जहां से पढ़े हुए लाखों विद्यार्थी आज देश के विभिन्न प्रांतों में अनेक पदों पर विद्यमान हैं।

# पोलियो रोकथाम के लिए यूनाइटेड: टीकाकरण के माध्यम से एक रोकथाम योग्य बीमारी से बचाव

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** भारत के मेघालय में हाल ही में सामने आया पोलियो का मामला पोलियो माइलाइटिस से उत्पन्न खतरे की स्पष्ट याद दिलाता है। पोलियो एक अत्यधिक संक्रामक वायरल बीमारी है जो मल-मौखिक संचरण के माध्यम से फैलती है, मुख्य रूप से पांच साल से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करती है, और इसके परिणामस्वरूप अपरिवर्तनीय पक्षाघात या मृत्यु भी हो सकती है। एक दशक से अधिक समय से भारत की पोलियो-मुक्त स्थिति के बावजूद, पुनरुत्थान का खतरा बना हुआ है, और निरंतर सतर्कता आवश्यक है।

डॉ. एलएच हीरानंदानी अस्पताल, मुंबई में बाल रोग विशेषज्ञ सलाहकार डॉ. संजीव आहूजा जोर देते हैं, 6 सप्ताह की उम्र से प्रशासित इनएक्टिवेटेड पोलियो वैक्सीन (आईपीवी) ने भारत को एक दशक से अधिक समय तक पोलियो से मुक्त रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस उपलब्धि की रक्षा के लिए, हमें मेहनती रहना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक बच्चे को समय पर टीकाकरण मिले। 12 वर्षों तक पोलियो मुक्त रहने में भारत की सफलता एक असाधारण सार्वजनिक स्वास्थ्य मील का पत्थर है, जो बड़े पैमाने पर व्यापक टीकाकरण अभियानों से प्रेरित है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, भारत में पोलियो उन्मूलन के बदले में, आखिरी मामले तक चार वर्षों के दौरान 172 लाख बच्चों को सालाना



पोलियो वैक्सीन की लगभग 1 अरब खुराक दी गई थी। फिर भी, दुनिया के कुछ हिस्सों में पोलियो के फिर से उभरने की हालिया घटनाएं एक महत्वपूर्ण चिंता पैदा करती हैं: भारत अपनी सतर्कता को कम नहीं होने दे सकता। डॉ. आहूजा कहते हैं, यद्यपि भारत वर्षों से पोलियो मुक्त है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय यात्रा और प्रवास के माध्यम से पोलियो के पुनः शुरू होने का खतरा बना हुआ है। हमारे टीकाकरण कवरेज में कोई भी अंतराल हमें वायरस के दोबारा फैलने के खतरे में डाल सकता है।

इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स एडवाइजरी कमेटी ऑन वैक्सीन्स एंड इम्यूनाइजेशन प्रैक्टिसेज (आईएपी एसीवीआईपी) अनुशंसित टीकाकरण कार्यक्रम का सख्ती से पालन करने की आवश्यकता पर जोर देती है। इसमें मौखिक पोलियो वैक्सीन (ओपीवी) की जन्म खुराक, 6, 10 और 14 सप्ताह पर एक निष्क्रिय पोलियो वैक्सीन (आईपीवी), इसके बाद 16-18 महीने पर बूस्टर और फिर 4-6 साल पर बूस्टर शामिल है। इस अनुसूची का पालन व्यक्तिगत और सामूहिक प्रतिरक्षा बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है।

## आकाशीय बिजली गिरने से बेघर हुए आदिवासी परिवार से मुलाकात कर कुंदन संखे ने की आर्थिक मदद



**पालघर (उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** पालघर जिले के दहानू तहसील अंतर्गत कासा वैती के बुंदेपाड़ा में स्थित मनुका कमलाकर बहोटा नामक आदिवासी महिला के मकान पर आकाशीय बिजली गिरने की वजह से घर में आग लग गई और जिसकी वजह से घर समेत उसमें रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। इस दुःखद एवं असहनीय घटना की जानकारी शिवसेना शिंदे गुट के जिला प्रमुख कुंदन संखे को मिलने पर उन्होंने तुरंत पीड़ित आदिवासी परिवार से मुलाकात करने हेतु रवाना हुए और उस पीड़ित महिला आदिवासी परिवार के घर पहुंचकर उन्हें हर संभव मदद करने का भरोसा देते हुए उन्हें ढाढस बंधाया। इस दौरान शिवसेना शिंदे गुट पालघर जिला प्रमुख कुंदन संखे ने दहानू तहसील के तहसीलदार सुनील कोली के साथ दूरभाष के माध्यम से संपर्क साधते हुए उस पीड़ित आदिवासी परिवार को तत्काल सहायता पहुंचाने का अनुरोध भी किया। वहीं शिवसेना शिंदे गुट जिला प्रमुख कुंदन संखे ने स्वयं भी उस पीड़ित आदिवासी परिवार को आर्थिक रूप से सहायता करते हुए उस पीड़ित परिवार पर पहाड़ टूटने जैसी इस दुःखद घड़ी में बड़ी राहत पहुंचाई है।

इस मौके पर शिवसेना शिंदे गुट जिला प्रमुख कुंदन संखे के साथ अन्य शिवसैनिक उपस्थित थे।

## जेल एजुकेशन ने एक विशेष गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया




**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** जेल एजुकेशन ने एक विशेष गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें भारत की प्रमुख यूनिवर्सिटीज के कुलपति और डीन ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में वित्तीय शिक्षा के भविष्य पर गहन चर्चा की गई, ताकि इसे आधुनिक जरूरतों के अनुसार नई दिशा दी जा सके। डेलॉइट इस आयोजन का प्रमुख भागीदार रहा, जिसका मकसद शिक्षा जगत और उद्योग के बीच सहयोग बढ़ाना था।

इस चर्चा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि छात्र ग्लोबल वर्कफोर्स की बदलती जरूरतों के अनुकूल तैयार हों और नए-नए शिक्षण तरीकों की खोज कर सकें। सम्मेलन में फिनटेक और ईएसजी (पर्यावरण, समाज और अभिशासन) जैसे नए ट्रेंड्स पर भी चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने वित्तीय पेशेवरों की अगली पीढ़ी को तैयार करने और उन्हें भविष्य की वैश्विक अर्थव्यवस्था की चुनौतियों का सामना करने के लिए सर्वोत्तम तरीके खोजने पर जोर दिया।

जेल एजुकेशन के सीईओ और को-फाउंडर प्रथम बारोट ने सम्मेलन में कहा, हमारा मानना है कि फिनटेक और ईएसजी का भविष्य ऐसे लीडर्स पर निर्भर है, जो व्यवसाय में इन अवधारणाओं को अपनाकर स्थायी मॉडल तैयार कर सकें। उन्होंने कहा, हम विद्यार्थियों को न केवल सैद्धांतिक ज्ञान बल्कि प्रायोगिक कौशल भी सिखा रहे हैं, ताकि वे वास्तविक अनुभव से सीख सकें। हमारे उद्योग भागीदारों के सहयोग से हम ऐसे शैक्षणिक रास्ते बना रहे हैं, जो विद्यार्थियों को भविष्य की वित्तीय चुनौतियों के लिए तैयार करें। हमारा उद्देश्य है कि वे सक्षम पेशेवरों के साथ-साथ इनोवेटिव लीडर्स भी बनें, जो भविष्य के वित्तीय परिदृश्य को नया आकार दे सकें।

इस सम्मेलन की मुख्य थीम थी ऐसे समाधानों की पहचान करना, जो भविष्य की वित्तीय शिक्षा को नई दिशा दे सकें। जेल एजुकेशन का उद्देश्य है कि शिक्षा को उद्योग की जरूरतों के अनुसार तैयार किया जाए, ताकि विद्यार्थी जरूरी कौशल सीख सकें और तेजी से बदलते पेशेवर माहौल में सफल हों।

सम्मेलन में उपस्थित पूर्व कैबिनेट मंत्री और चांसलर सुरेश प्रभु ने वित्तीय शिक्षा में नए दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सैद्धांतिक ज्ञान और प्रायोगिक अनुभव के बीच कोई अंतर नहीं होना चाहिए, खासकर फिनटेक के क्षेत्र में। श्री प्रभु का मानना है कि विद्यार्थियों को भविष्य की वित्तीय चुनौतियों के लिए तैयार करना आज की शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए।

गोलमेज में दो पैनल चचाएं भी हुईं, जो विचारों को प्रेरित करने वाली थीं।

पहली चर्चा में ईएसजी के सिद्धांतों के उद्भव और भारतीय अर्थव्यवस्था में उनकी बढ़ती प्रासंगिकता का मूल्यांकन हुआ। दूसरी पैनल चर्चा नौकरियों के अवसर बनाने और फाइनेंस में मानवीय विशेषज्ञता के महत्व तथा तकनीकी ऑटोमेशन के बीच संतुलन को जानने में फिनटेक की बढ़ती भूमिका पर केन्द्रित थी।

## स्तन कैंसर पीड़ित महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एम्स अस्पताल की अनूठी पहल




**डोंबिवली (उत्तरशक्ति)।** स्तन कैंसर जागरूकता माह के अवसर पर, एम्स अस्पताल, ने स्तन कैंसर से पीड़ित महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए शक्ति स्तन कैंसर सहायता समूह का गठन किया है। इस पहल का उद्देश्य उपचार के दौरान रोगियों और उनके परिवारों का समर्थन करना है, जिसमें कैंसर से बचे लोगों को भी बीमारी से लड़ने के लिए प्रेरित करना शामिल है।

इस पहल के शुभारंभ पर लगभग 150 कैंसर रोगी और कैंसर से बचे लोग, परिवार और चिकित्सा विशेषज्ञ उपस्थित थे। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सुहासी रवीन्द्र चव्हाण प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस आयोजन के अवसर पर डॉ. सुप्रिया बम्बारकर (निदेशक-ऑन्कोलॉजी विभाग, ऑन्कोसर्जन), डॉ. निमेश लोध (स्तन सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट) राकेश पाटिल (मेडिकल और हेमेटो ऑन्कोलॉजिस्ट) और डॉ. सागर गायकवाड़ (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट) और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* संरक्षकः सुरेश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
* प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालयः
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक) नियर जॉनसन हाऊस, शाप नंबर - 21, उन्नति सी.एच.एस. सेनापति बापट मार्ग, माहिम (वेस्ट) मुंबई-400016
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37







स्वामी- शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविन्द्रनाथ प्रजापति द्वारा एस.आर. पब्लिकेशन मोहन अर्जुन कम्पाउंड गोडाउन नं.-08,09,10 नियर घर्टनपाड़ा वैशाली नगर लास्ट बस स्टाफ दहिसर (ई.) मुंबई 400068 से मुद्रित एवं 103, प्रथम फ्लोर बी विंग एयरपोर्ट ब्यू सी.एच.एस. लि. वीर मकरन्द घानेकर मार्ग आजाद रोड फायर विग्रेड विले पारले (ई.) जिला मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 *संपादक- ओमप्रकाश रविन्द्रनाथ प्रजापति, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः नियर जॉनसन हाऊस, शाप नंबर - 21, उन्नति सी.एच.एस. सेनापति बापट मार्ग, माहिम (वेस्ट) मुंबई-400016 * मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com,

# जौनपुर में दूध खौलाते समय बॉयलर फटने से महिला का सिर धड़ से अलग, मौत

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। खुटहन थाना क्षेत्र के डिहिया गांव में दूध खौलते समय बॉयलर फटने से एक महिला का सिर धड़ से अलग हो गया दूसरी महिला का सिर फट गया। इस दर्दनाक हादसे से इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स, दमकल की गाड़ियां और स्वास्थ्य टीम मौके पर पहुंच गई। हालांकि इन टीमों के पहुंचने से पहले ग्रामीणों ने हालात पर काबू पा लिया था। पुलिस मृतक महिला का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डिहिया गांव के निवासी राजेंद्र बिंद का खुटहन थाने के पास मिठाई की दुकान है, मिठाई बनाने के लिए अपने घर में दूध खौलाने के लिए छोटे बॉयलर लगाया है। आज सुबह करीब 10 बजे वह दूध खौला रहे थे, इस दरम्यान तेज धमाके के साथ बॉयलर फट गया, बॉयलर के ढक्कन से उसकी पत्नी मनीता बिंद की पत्नी का सिर कटकर धड़ अलग होकर कुछ दूर जा गिरा,वही कुछ दूरी पर बैठी सीता देवी का सर फट गया। इस दर्दनाक हादसे से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर सीओ शाहगंज अजित सिंह चौहान समेत भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बक्शा पुलिस टीम ने 24 घंटे के अन्दर किया गुमशुदा विवेक यादव की बरामदगी

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। थाना बक्शा पुलिस टीम द्वारा 24 घंटे के अन्दर गुमशुदा विवेक यादव की बरामदगी की गयी। थाना बक्शा पर दिनांक 04.10.2024 को समय 20.29 पर बहवाले रपट न0 48 पर आवेदक सुनील यादव पुत्र स्व० जयनाथ यादव ग्रा० चमरामऊ थाना बक्सा जिला जौनपुर के लिखित प्रार्थना पत्र पर भतीजे विवेक यादव पुत्र स्व० भोलानाथ उम्र 29 वर्ष ग्रा0 चमरामऊ थाना बक्शा जिला जौनपुर के गुमशुदा हो जाने के संबंध मे गुमशुदगी दर्ज की गयी। प्र०नि० महोदय द्वारा सर्विलास टीम व मुखबीरों के सहयोग से गुमशुदा विवेक यादव पुत्र स्व० भोलानाथ उम्र 29 वर्ष ग्रा0 चमरामऊ थाना बक्शा जिला जौनपुर को 24 घण्टा के अन्दर बरामदगी कर परिजन को सुपुर्द किया गया। पुछ-ताछ में गुमशुदा विवेक ने बताया कि मेरे पिता की मृत्यु हो गयी थी इसी के कारण में विक्षिप्त अवस्था में कहा-कहा गया मुझे जानकारी नही है रोड-वेज बस स्टैण्ड जौनपुर आया तो घरवाले मिले उनके साथ स्वयं थाने पर आया। मेरा किसी ने अपहरण नही किया था। स्वयं विक्षिप्त हो जाने के कारण घर से चला गया था। गुमशुदा 1-विवेक यादव पुत्र स्व० भोलानाथ उम्र 29 वर्ष ग्रा० चमरामऊ थाना बक्शा जिला जौनपुर।

# घर से उठाकर ले गये वृद्ध को चोरों ने पीटा

## पिटाई के बाद लाइन बाजार के नईगंज में छोड़ा

**प्रियेश गुप्ता रूद्र संवाददाता**

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। जफराबाद थाना क्षेत्र के जमैथा गांव में सोमवार देर रात बकरियां चुराने पहुंचे चोर पकड़े जाने के डर से घर के एक वृद्ध को ही उठा ले गए। चोरों ने वृद्ध की जमकर पिटाई करने के बाद लाइन बाजार के नईगंज में ले जाकर छोड़ दिया। परिजनों की सूचना पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, जमैथा गांव निवासी दशमू पाल सोमवार रात अपने घर से करीब 100 मीटर दूर स्थित खेत में सो रहे थे। यहां बने मड़हे (झोपड़ी) में उनकी एक दर्जन से अधिक बकरियां भी बंधी हुई थीं। रात करीब 1:30 बजे चार पहिया




वाहन से लगभग 3-4 चोर पहुंचे और बकरियां चुराने के लिए मड़हे में घुसने लगे। तभी दशमू पाल की आंख खुल गई। उन्होंने मड़हे की ओर देखते हुए आवाज लगाई तो चोर घबरा गए और पकड़े जाने के डर से दशमू पाल को मुंह दबाकर जबरन अपने वाहन में भरकर ले गए। दशमू पाल का कहना है कि चलती गाड़ी में चोरों ने उन्हें लात-घूसों से पीटा और नईगंज में छोड़कर फरार हो गए। बुजुर्ग किसी तरह अपने घर वापस पहुंचा और परिजनों को आपबीती सुनाई। परिजनों की सूचना पर थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह और चौकी प्रभारी मनोज राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। दशमू की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चतुर्थ पुण्यतिथि पर याद किये गये विद्यालय प्रबंधक, बच्चों की प्रस्तुति रही मनमोहक

मानी कलाँ, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। स्थानीय क्षेत्र के मानी कलां मे स्थित महर्षि दयानन्द इंटर कालेज के संस्थापक प्रबंधक रहें स्वर्गीय बिन्देश्वरी साहू




का चौथा पुण्यतिथि विद्यालय परिसर मे धूमधाम से मनाया गया।

उक्त कार्यक्रम मे सर्वप्रथम आये हुए अतिथियों ने सरस्वती प्रतिमा व संस्थापक की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। उसके पश्चात कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती बंदना से की गई। प्रांगण में आये हुए समस्त अतिथियों का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। बच्चों तथा बच्चियों के कार्यक्रम ने मनमोह लिया सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि लालचंद गुप्ता चेयरमैन लोकअदालत/न्यायधीश जौनपुर ने कहा कि यह बिद्या की मंदिर है यही से बच्चों को दिशा मिलती है। देश की सेवा के लिए होनहारों को यहीं से तराश कर अध्ययकों द्वारा निकाला जाता है। विशिष्ट अतिथि सुनील यादव (मम्मन) प्रमुख प्रतिनिधि करंजकला ने कहा कि श्री साहू जी ने ग्रामीण क्षेत्र मे इस संस्थान की स्थापना कर क्षेत्र मे जो योगदान दिया है वह सराहनीय है। इस विद्यालय के लिए जब भी कोई जरूरत होंगी मै हमेशा तत्पर रहूंगा।

विद्यालय के प्रबंधक जयप्रकाश गुप्ता ने सभी अतिथियों को माल्यार्पण कर व अंग वस्त्र दे कर सम्मानितकर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। संचालन जयंत कुमार अस्थाना जी ने किया इस मौके पर अनिल गुप्ता खाद्य रसद बिपड़न अधिकार,अनिल उपाध्याय प्रबंधक सर्वोदय इंटर कालेज खुदौली, अवनीश तिवारी, अनिल दुबे आजाद, डॉ नीरज सोनी प्रबंधक के डी इंटर कालेज खेतासराय, छोटेलाल गुप्ता, डॉ मो.अकरम, डॉ वकील, धर्मेंद्र मिश्रा मंडल अध्यक्ष भाजपा भारी संख्या स्थानीय जन उपस्थित रहें। अंत में प्रधानाचार्य श्री कृष्ण शर्मा पुण्यतिथि में आए हुए सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# जफराबाद पुलिस ने शांति भंग में 7 को किया गिरफ्तार

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। थाना जफराबाद पुलिस टीम द्वारा शांति भंग करने पर 07 अभियुक्तों को निवारक कार्यवाही में किया गया गिरफ्तार।पुलिस अधीक्षक जौनपुर, डा0 अजय पाल शर्मा द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर जौनपुर के पर्यवेक्षण मे थाना जफराबाद पुलिस टीम द्वारा प्र0नि0 जफराबाद के नेतृत्व में उ0नि0 मनोज कुमार राय मय हमराह हे0का0 दुर्गेश पाण्डेय व हल्का द्वितीय गस्त के कर्म0गण हे0का0 तेजबहादुर यादव का0 विरेन्द्र चौहान के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम जमैथा थाना जफराबाद



जौनपुर मे जमीन व आशनाई के सम्बन्ध मे विवाद करने वाले 07 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस में चालान मा0 न्यायालय किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण 1. चन्दन माली पुत्र केदार माली निवासी जमैथा थाना जफराबाद जौनपुर। 2. संजय माली पुत्र केदार माली निवासी जमैथा थाना जफराबाद जौनपुर। 3. अमित माली पुत्र संजय माली निवासी जमैथा थाना जफराबाद जौनपुर। 4. मो0अनीश पुत्र मो0अजीज निवासी जमैथा थाना जफराबाद जौनपुर। 5. मो0असफाक पुत्र मो0अजीज निवासी जमैथा थाना जफराबाद जौनपुर। 6. मो0साहिल पुत्र मो0मनसूर निवासी जमैथा थाना जफराबाद जौनपुर। 7. मो0अजीज पुत्र नादिर निवासी जमैथा थाना जफराबाद जौनपुर।

# केराकत में कुत्ते से टकराई तेज रफ्तार बाइक, 3 गम्भीर रूप से घायल

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। केराकत क्षेत्र के मनियरा मोड़ के पास मंगलवार को तेज रफ्तार बाइक सवार कुत्ते को बचाने के चक्कर में कुत्ते से टकरा कर सड़क के किनारे जा गिरी जिससे बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। विदित हो कि पचवर गांव निवासी शनि कुमार पुत्र अरविंद कुमार, सोनू कुमार पुत्र संदीप कुमार, साहिल कुमार पुत्र मनोज कुमार अपने एक अन्य साथी के साथ बाईक पर सवार होकर घर से केराकत बाजार जा रहे थे। जैसे ही मनियरा मोड़ के पास पहुंच केराकत की तरफ मुड़ रहे थे कि अचानक कुत्ते को अपनी तरफ आता देख कुत्ते को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर कुत्ते से टकराकर सड़क के किनारे गिरने से बाइक सवार 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। गिरने की आवाज सुनकर आस-पास के दुकानदार व राहगीरों इकठ्ठा होकर एम्बुलेंस बुलाकर घायलों के उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया।

# स्वयं के अपहरण की साजिश कर फिरौती मांगने वाला गिरफ्तार

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। थाना सुरेरी पुलिस टीम द्वारा स्वयं के अपहरण की साजिश कर फिरौती की मांग करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।पुलिस अधीक्षक जौनपुर, डा0 अजय पाल शर्मा द्वारा अपराध की रोकथाम एवं आपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, शैलेन्द्र कुमार सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ, विवेक कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष सुरेरी, सुनील वर्मा मय हमराह का0 रविप्रकाश यादव, का0 हिमाँशू




राव, चालक का0 इबरान अली के द्वारा मु0अ0सं0 123/24 धारा 308/318 बी0एन0एस0 से सम्बन्धित अभियुक्त सूरज गुप्ता पुत्र प्रदीप कुमार गुप्ता निवासी अड़ियार (हनुमानगंज बाजार) थाना सुरेरी जनपद जौनपुर उम्र करीब 24 वर्ष को गाँधी घाट पुल के पास ग्राम हीरापट्टी (मलेथू) थाना क्षेत्र सुरेरी से दिनांक 22.10.2024 को समय करीब 04.30 बजे गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।घटना का संक्षिप्त विवरण– थाना स्थानीय पर दिनांक 19.10.2024 को आवेदक प्रदीप कुमार गुप्ता पुत्र त्रिलोचन निवासी हनुमानगंज बाजार, अड़ियार थाना सुरेरी जनपद जौनपुर मो0नं0 7860156098 द्वारा थाना स्थानीय पर सूचना दिया गया कि मेरा लड़का सूरज गुप्ता उम्र करीब 24 वर्ष दिनांक 18.10.2024 को सुबह 04 बजे घर से टहलने के लिए निकला जो अभी तक घर वापस नही आया। मेरा लड़का सूरज गुप्ता का मो0नं0 6393589031 बन्द बता रहा है तथा उसके इसी मो0नं0 के व्हाटसाप से मेरे व्हाटसाप पर मेसेज करके 40 लाख रुपये की माँग की गयी है। विवेचना से पता चला कि अपहृत व्यक्ति का किसी के द्वारा अपहरण नही किया गया और न ही फिरौती की माँग की गयी थी। अपहृत व्यक्ति द्वारा स्वयं घर से गायब होकर अपने परिजनों से 40 लाख रुपये की फिरौती का माँग की गयी थी। अभियुक्त की गिरफ्तारी सम्बन्धित धाराओं में करके अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. सूरज गुप्ता पुत्र प्रदीप कुमार गुप्ता निवासी अड़ियार (हनुमानगंज बाजार) थाना सुरेरी जनपद जौनपुर उम्र करीब 23 वर्ष।

# मिशन शक्ति फेज-5 जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। जनपद में मिशन शक्ति फेज -5




जागरुकता कार्यक्रम के तहत आज दिनांक-22.10.2024 को पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा पुलिस लाइन से मिशन शक्ति से सम्बन्धित एक फ्लैग मार्च को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।अवगत कराना है कि महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक जौनपुर, डॉ0 अजय पाल शर्मा द्वारा आज पुलिस लाइन से मिशन शक्ति से सम्बन्धित एक फ्लैग मार्च को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं/हेल्पलाईन नम्बरों (ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अरविन्द कुमार वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, शैलेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर, देवेश सिंह, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन, यातायात प्रभारी, जीडी शुक्ला व अन्य मौजूद रहें।

# नौनिहालों का सर्वांगीण विकास ही ध्येय: डा.गोरखनाथ

**अमित तिवारी संवाददाता**

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। शाहगंज स्थित न्यू देलही पब्लिक स्कूल में प्रधानाध्यापक, विद्यालय प्रबंध समिति एवं ग्राम प्रधानों की उन्मुखीकरण संगोष्ठी संपन्न हुई। संगोष्ठी में विद्यालय के कायाकल्प, बालिका शिक्षा, विद्यालय में उपस्थित एवं निपुण भारत योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुयी, उच्च प्राथमिक विद्यालय गुरैनी की बच्चियों ने सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल रहे। खंड शिक्षा अधिकारी बसंत कुमार शुक्ल ने बुके देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। बतौर मुख्य अतिथि संगोष्ठी सम्बोधित करते हुए डा०गोरखनाथ पटेल ने कहा कि नौनिहालों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय परिवेश को समृद्ध बनाना है। जिसमें सभी की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने शाहगंज में गुणवत्ता हेतु किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की एवं निरंतर जारी रखने हेतु प्रेरित किया।

**◆ ब्लाक स्तरीय उन्मुखीकरण संगोष्ठी संपन्न**



उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को भी बेहतर परिणाम हेतु सहयोग के लिए आगे आने का आह्वान किया। अध्यक्षता, प्रबन्धक अजफर मिर्जा बेग द्वारा की गयी। कार्यालय सहायक विन्ध्यवासिनी उपाध्याय भी उपस्थित रहे। सभी ए आर पी द्वारा निर्धारित विषय पर प्रकाश डाला गया। क्वीजपरीक्षा में अच्छा अंक प्राप्त एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा पारितोषिक प्रदान किया गया। खंड शिक्षा शिक्षा द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

संगोष्ठी में सभी ए आर पी, प्रशांत मिश्र, धर्मेन्द्र सिंह सुजीत सोनकर अखिलेश यादव, ग्राम प्रधान, प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष, प्रधानाध्यापक सुधाकर सिंह, अखिलेश चंद्र मिश्र अशोक सोनकर अरविंद प्रकाश सिंह ओम प्रकाश यादव रूपेश, राधेश्याम मिश्र रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुये ए आरपी प्रशांत मिश्र ने कहा कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी के कुशल नेतृत्व में शाहगंज ब्लॉक शीघ्र निपुण बनेगा।

# शंकरा आई हास्पिटल में शुरू हुई ओपीडी, दो दिन पहले पीएम मोदी ने किया था शुभारंभ

**डॉ.एस.के.मिश्र ज़िला संवाददाता**

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। वाराणसी के हरिहरपुर में आरजे शंकरा आई हास्पिटल में ओपीडी शुरू हो गई है। पहले दिन 170 मरीजों की जांच की गई। डाक्टरों ने लोगों के आंखों की बारीकि से जांच के बाद कुछ लोगों




को आपरेशन की सलाह दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो दिन पहले शंकरा आई हास्पिटल का उद्घाटन किया था। 300 बेड के शंकरा आई हास्पिटल में आंख के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम लोगों के आंखों की जांच और उपचार करेगी। अस्पताल में सोमवार से शनिवार तक हर दिन सुबह 9 से शाम 6 बजे और रविवार को सुबह 9 से दोपहर एक बजे तक ओपीडी चलेगी। स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल को राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम से जोड़ने की रूपरेखा बनाई है। सीएमओ डा. संदीप चौधरी ने बताया कि अस्पताल में आंखों के आपरेशन और स्क्रीनिंग की मुकम्मल सुविधा है। ऐसे में अस्पताल को राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम से भी जोड़ा जाएगा।

# पवाँरा पुलिस ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले को किया गिरफ्तार

**रियाजुल हक जिला क्राइम रिपोर्टर**

जौनपुर, (उत्तरशक्ति)। पवाँरा पुलिस टीम द्वारा थानाध्यक्ष प्रियंका सिंह के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 शसत्येन्द्र भाई पटेल मय हमराह द्वारा




सोशल मीडिया (एक्स) पर अभियुक्त द्वारा किये गये आपत्ति जनक टिप्पणी पर तत्काल कार्यवाही करते हुए मु0अ0सं0 177/24 धारा 299 बीएनएस व 67 आई0टी0एक्ट थाना पवारा जनपद जौनपुर पंजीकृत कर मुकदमा से सम्बन्धित अभियुक्त प्रदीप तिवारी उर्फ मोनू तिवारी पुत्र जनार्दन प्रसाद तिवारी ग्राम टिकरा थाना पवारा जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही किया जा रहा है।




# विधायक की अध्यक्षता व जिलाधिकारी की उपस्थिति में बदलापुर महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्र की अध्यक्षता में तथा जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की उपस्थिति में बदलापुर महोत्सव की तैयारी के संबंध में बैठक विकास भवन सभागार में संपन्न हुई। बैठक में बदलापुर महोत्सव के आयोजन, सामूहिक विवाह, विकास कार्य की समीक्षा आदि प विधायक द्वारा विस्तृत चर्चा की गई तथा अवगत कराया गया कि दिनांक 7 और 8 दिसंबर 2024 को दो दिवसीय बदलापुर महोत्सव व मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाना है जिसके दृष्टिगत इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाए जाने तथा साफ सफाई की समुचित व्यवस्था कराए जाने, विद्युत व्यवस्था सहित कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश विधायक जी द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसान, लोग, विद्यार्थी, कर्मचारी आदि को महोत्सव में सम्मानित करने के निर्देश दिए गए तथा होर्डिंग बैनर आदि लगाने के साथ ही विभागों को योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करने के भी निर्देश दिए गए। बेसिक शिक्षा अधिकारी और डीआईओएस को बच्चों का कार्यक्रम कराने, क्विज प्रतियोगिताएं, स्पीच प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिता कराने के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारियों को विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी बदलापुर महोत्सव के आयोजन को लेकर उत्साह के साथ तैयारी करने तथा भव्य तरीके से बदलापुर महोत्सव मनाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर परियोजना निदेशक कृष्ण करुणाकर पांडे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# वाराणसी से शुरू हुई 'अमृत भारत स्टेशन योजना'

वाराणसी,( उत्तरशक्ति)। वाराणसी- भारतीय रेल के अन्तर्गत रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए शुरू की गई योजना 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के अन्तर्गत आगामी 50 वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर भारतीय रेल के प्रमुख स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। इस योजना के अन्तर्गत चयनित स्टेशनों पर आवश्यकताओं के अनुरूप स्टेशन भवन को स्थानीय संस्कृति के साथ आकर्षक स्वरूप दिया जा रहा है, जिसमें सकुर्लेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, प्रसाधन केंद्र, आवश्यकतानुसार लिफ्ट/एस्केलेटर, निःशुल्क वाई-फाई, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, एग्जीक्यूटिव लाउंज सहित विभिन्न उन्नत यात्री सुविधाएं सम्मिलित है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत गोरखपुर-छपरा रेल खंड पर स्थित मैरवा रेलवे स्टेशन को रू. 12.43 करोड़ की लागत से पुनर्विकसित करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। मैरवा स्टेशन के पुनर्विकास से यात्रियों को आधुनिक एवं उन्नत सुविधाओं का लाभ समय से मिल सके। इस स्टेशन से होकर देश के प्रमुख नगरों एवं महानगरों के लिए 24 एक्सप्रेस/सवारी गाड़ियों की संचलन हो रहा है तथा लगभग 2300 यात्रियों का आवागमन प्रतिदिन होता है। रेलवे प्रशासन द्वारा नये श्रेणी के मानक में इस स्टेशन को एन.एस.जी.-5 की श्रेणी में रखा गया है। मैरवा स्टेशन पर किये जा रहे उन्नयन एवं सुधार कार्यों में स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार, सकुर्लेटिंग एरिया में रोड, ड्रेन, प्लेटफार्म का उच्चीकरण एवं विस्तार,




यात्रियों को बैठने हेतु पीपी शेल्टर, दिव्यांग यात्रियों के अनुरूप रैम्प, पार्किंग, टॉयलेट, लो-हाइट टैप, आरक्षण काउंटर, यात्रियों के सुगम आवागमन हेतु 02 लिफ्ट तथा 3.66 मीटर चैड़े फुट ओवर ब्रिज (एफ.ओ.बी.) का निर्माण कार्य पूर्ण हो चूका है साथ ही 1500 वर्ग मीटर में नये स्टेशन भवन का निर्माण का कार्य प्रगति पर है।

सकुर्लेटिंग एरिया में बने पार्किंग के सुन्दरीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। इस स्टेशन पर कोच गाइडेंस सिस्टम, ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, डिजिटल घड़ियाँ, सोलर प्लांट, वाटर कूलर, वाटर बूथ, एयर कंडीशनर, साइनेज बोर्ड, फसाड लाइटिंग तथा विभिन्न यात्री सुविधाओं से सम्बन्धित विकास का कार्य किया जा रहा है। इन कार्यो के पूर्ण होने पर मैरवा रेलवे स्टेशन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा तथा यहाँ आने वाले यात्रियों को रेल परिसर में प्रवेश करते ही सुखद अनुभूति मिलेगी।

# जिला स्तरीय उद्यमिता प्रतियोगिता में छात्रों ने बिजनेस मॉडल का किया प्रदर्शन

वाराणसी, (उत्तरशक्ति)। राजातालाब भैरवतालाब स्थित श्री अम्बिका प्रसाद सिंह भैरवनाथ इंटर कॉलेज के प्रांगण में मंगलवार को आविष्कार फाउण्डेशन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय उद्यमिता प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रबंधक शैलेंद्र कुमार सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस प्रतियोगिता में चौदह माध्यमिक विद्यालय तथा चार डिग्री कॉलेज के प्रतियोगियों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने अपने बिजनेस मॉडल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगियों से आनलाईन निर्णायक मण्डल के विद्वानों ने प्रश्न पूछा।प्रतियोगिता में विद्यालय के प्रधानाचार्य डा० गोविन्द नारायण सिंह एवं उप प्रधानाचार्य विनय कुमार श्रीवास्तव ने महत्वपूर्ण योगदान देकर कार्यक्रम को समयबद्ध ढंग से सम्पन्न कराया।आविष्कार फाउण्डेशन टीम की श्रेया-पूनम ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को नए ज्ञान तथा नए आयाम की ओर अग्रसर कर रहा है। प्रतियोगियों का स्वागत प्रधानाचार्य डा० गोविन्द नारायण सिंह एवं विद्यालय परिवार तथा संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप प्रधानाचार्य विनय श्रीवास्तव द्वारा किया गया।



